एम्केईएस् विद्यालय गीत

दे मुझे स्वर भारती दे, गीत देश जगा सकूँ |
दे विधाता ज्ञान वह, भारत भविष्य बना सकूँ ||
दे मुझे स्वर भारती ....

सत्य की ही राह पर, चलने की शक्ति दे मुझे,
झूठ, भ्रष्टाचार से, लडने की शक्ति दे मुझे,
मात-पितु, गुरू बडों का, मैं नाम जग में बढा सकूँ |
दे विधाता ज्ञान वह, भारत भविष्य बना सकूँ ||
दे मुझे स्वर भारती ....

भावना राष्ट्रीय हो, रहें भाई-चारे से सभी,
दूसरे के दर्द-दुख से, मुँह नहीं मोडें कभी,
मदद की दे भावना, दूजे के दुख को मिटा सकूँ |
दे विधाता ज्ञान वह, भारत भविष्य बना सकूँ ||
दे मुझे स्वर भारती ....

एम.के.ई.एस. विद्यालयों से प्राप्त शिक्षा महान हो,
जो भी शिक्षित हो यहॉं, वह नेक इक इंसान हो,
भेद-भाव न उपजे मनमें, सब को मैं अपना सकूँ |
मैं बनूँ इंसान अच्छा, जग में कीर्ति कमा सकूँ |
भारत भविष्य बना सकूँ , भारत भविष्य बना सकूँ ||